12. मान लीजिए $\vec{a}=\hat{i}+5\hat{j}+\hat{k}$, $\vec{b}=3\hat{i}+2\hat{j}+7\hat{k}$, $\vec{c}=2\hat{i}-\hat{j}+4\hat{k}$ तो एक ऐसा सदिश $\vec{d}$ ज्ञात कीजिए जो $\vec{a}$ और $\vec{b}$ है पर लम्ब हो और $\vec{c}\vec{d}=15$

Ans. प्रश्नानुसार

$\vec{a}=\hat{i}+5\hat{j}+\hat{k}$

$\vec{b}=3\hat{i}+2\hat{j}+7\hat{k}$

$\vec{c}=2\hat{i}-\hat{j}+4\hat{k}$

$\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ पर लम्ब सदिश $\vec{a}\times\vec{b}$

तब $\vec{a}\times\vec{b}=\begin{vmatrix}\hat{i} & \hat{j} & \hat{k}\\ 1 & 4 & 2\\ 3 & 2 & 7\end{vmatrix}$

$=(28+4)\hat{i}-(7-6)\hat{j}+(-2-12)\hat{k}$

$=32\hat{i}-\hat{j}+14\hat{k}$

माना

$\vec{d}=\lambda(\vec{a}\times\vec{b})$

$\vec{d}=\lambda(32\hat{i}-\hat{j}+14\hat{k})$

परन्तु $\vec{c}\vec{d}=15$

$\therefore (2\hat{i}-\hat{j}+4\hat{k})\lambda(32\hat{i}-\hat{j}+14\hat{k})=15$

$\lambda[2\times32-1\times(-1)+4\times(-14)]=15$

$\lambda[64+1+(-56)]=15$

$9\lambda=15$

$\lambda=\frac{15}{9}=\frac{5}{3}$

$\vec{d}=\frac{5}{3}(32\hat{i}-\hat{j}-14\hat{k})$

$=\frac{160}{3}\hat{i}-\frac{5}{3}\hat{j}-\frac{70}{3}\hat{k}$

$=\frac{1}{3}(160\hat{i}-5\hat{j}-70\hat{k})$

13. सदिशों $\vec{a}=2\hat{i}+3\hat{j}-4\hat{k}$ और $\vec{b}=\hat{i}-2\hat{j}-\hat{k}$ के परिणामी के समान्तर एक ऐसा सदिश ज्ञात कीजिए जिसका परिमाण 5 इकाई है।

Ans. माना $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ का परिणामी $\vec{c}$ है।

तब $\vec{c}=\vec{a}+\vec{b}$

$=2\hat{i}+3\hat{j}-\hat{k}+(\hat{i}-2\hat{j}+\hat{k})$

$=3\hat{i}+\hat{j}$

$\therefore \vec{c}$ के अनुदिश मात्रक सदिश $= \frac{1}{|\vec{c}|}(\vec{c}) = \hat{c}$

$$\hat{c} = \frac{3\hat{i}+\hat{j}}{\sqrt{10}} = \frac{3}{\sqrt{10}}\hat{i} + \frac{1}{\sqrt{10}}\hat{j}$$

अतः $\vec{c}$ के अनुदशि वह सदिश जिसका परिमाण 5 इकाई हो

$$= 5\left(\frac{3}{\sqrt{10}}\hat{i} + \frac{1}{\sqrt{10}}\hat{j}\right)$$

$$= \frac{15}{\sqrt{10}}\hat{i} + \frac{5}{\sqrt{10}}\frac{\sqrt{10}}{\sqrt{10}}\hat{j}$$

$$= \sqrt{10}\frac{3}{2}\hat{i} + \frac{5}{10}\sqrt{10}\hat{j}$$

$$= \sqrt{10}\frac{3}{2}\hat{i} + \frac{1}{2}\sqrt{10}\hat{j}$$

14. सदिश $(\vec{a}+\vec{b})$ और $(\vec{a}-\vec{b})$ में से प्रत्येक के लम्बवत मात्रक सदिश ज्ञात कीजिए जहां $\vec{a} = \hat{i}+\hat{j}+\hat{k}$, $\vec{b} = \hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k}$ है।

Ans. प्रश्नानुसार,

$\vec{a}+\vec{b} = 2\hat{i}+3\hat{j}+4\hat{k}$ $\vec{a}-\vec{b} = -\hat{j}-2\hat{k}$

$$(\vec{a}+\vec{b})\times(\vec{a}-\vec{b}) = \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 1+1 & 1+2 & 1+3 \\ 1-1 & 1-2 & 1-3 \end{vmatrix} = \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ 2 & 3 & 4 \\ 0 & -1 & -2 \end{vmatrix}$$

$(\vec{a}+\vec{b})\times(\vec{a}-\vec{b}) = -2\hat{i}+4\hat{j}-2\hat{k} = \vec{c}$ (माना)

$|\vec{c}| = \sqrt{2^2+4^2+2^2} = \sqrt{4+16+4}$

$= \sqrt{24} = 2\sqrt{6}$

अतः अभिष्ट मात्रक सदिश

$\frac{\vec{c}}{|\vec{c}|} = \frac{-1}{\sqrt{6}}\hat{i} + \frac{2}{\sqrt{6}}\hat{j} - \frac{1}{\sqrt{6}}\hat{k}$ है।

15. दर्शाइये कि ox, oy, oz अक्षों के साथ बराबर झुके हुये सदिश की दिक्–कोसाइन कोज्याएं $\frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}$ है।

Ans. माना एक सदिश $\overrightarrow{OP}, ox, oy$ तथा oz के साथ बराबर कोण α बनाता है तो

$\overrightarrow{OP}$ की दिक् कोज्याऐं $= \cos\alpha, \cos\alpha, \cos\alpha$

$= \cos^2\alpha + \cos^2\alpha + \cos^2\alpha = 1$ $\left[\because l^2+m^2+n^2 = 1\right]$

$= \cos^2\alpha = \frac{1}{\sqrt{3}}$

अतः $\overrightarrow{OP}$ की दिक्–कोसाइन $\frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}, \frac{1}{\sqrt{3}}$ है।

16. $\hat{i}.(\hat{j}\times\hat{k})+\hat{j}.(\hat{i}\times\hat{k})+\hat{k}.(\hat{i}\times\hat{j})$ का मान क्या है।

Ans. $\hat{i}.(\hat{j}\times\hat{k})+\hat{j}.(\hat{i}\times\hat{k})+\hat{k}.(\hat{i}\times\hat{j})$

$=\hat{i}.(\hat{i})+\hat{j}(-\hat{j})+\hat{k}.(\hat{k})$

$=|\hat{i}|^2-|\hat{j}|^2+|\hat{k}|^2$

$=1-1+1$

$=1$

17. बिन्दुओं A(1, 2, 2) और B(2, 3, 1) को मिलाने वाला सदिश $\overrightarrow{AB}$ क्या होगा।

Ans. A(1, 2, 2) और B(2, 3, 1)

$\overrightarrow{AB}=(2-1)\hat{i}+(3-2)\hat{j}+(1-2)\hat{k}$ $\quad\left[\because \overrightarrow{PQ}=(x_2-x_1)\hat{i}+(y_2-y_1)\hat{j}+(z_2-z_1)\hat{k}\right]$

$\overrightarrow{AB}=\hat{i}+\hat{j}-\hat{k}$

18. यदि दो सदिश $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ इस प्रकार है कि $|\vec{a}|=2, |\vec{b}|=3$ और $\vec{a}.\vec{b}=4$ तो $|\vec{a}-\vec{b}|$ ज्ञात कीजिए।

Ans. $\because|\vec{a}-\vec{b}|^2=(\vec{a}-\vec{b})(\vec{a}-\vec{b})$

$=\vec{a}.\vec{a}-\vec{a}.\vec{b}-\vec{b}.\vec{a}+\vec{b}.\vec{b}$

$=|\vec{a}|^2-2\vec{a}.\vec{b}+|\vec{b}|^2$

$=(2)^2-2\times4+(3)^2$

$=4-8+9$

$=5$

$|\vec{a}-\vec{b}|^2=5$

$|\vec{a}-\vec{b}|=\sqrt{5}$

19. यदि एक त्रिभुज की दो भुजायें सदिश $\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}$ तथा $3\hat{i}-2\hat{j}+\hat{k}$ से निरूपित हो, तो त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात करो।

Ans. माना $\vec{a}=\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}$ $\qquad\vec{b}=3\hat{i}-2\hat{j}+\hat{k}$

$$\vec{a}\times\vec{b}=\begin{vmatrix}\hat{i} & \hat{j} & \hat{k}\\ 1 & 2 & 2\\ 3 & -2 & 1\end{vmatrix}=(2+4)\hat{i}-(1-6)\hat{j}+(-2-6)\hat{k}$$

$=6\hat{i}+5\hat{j}-8\hat{k}$

अतः त्रिभुज का क्षेत्रफल $=\frac{1}{2}|\vec{a}\times\vec{b}|=\frac{1}{2}\sqrt{36+25+64}$

$=\frac{1}{2}\sqrt{125}$

$=\frac{1}{2}\times5\sqrt{5}$ वर्ग इकाई

20. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए–

(i) दिक्कोसाइन के समानुपाती संख्याऐं lr, mr, br सदिश $\vec{r}$ के ..... कहलाते है।

Ans. दिक्अनुपात

(ii) दो सदिश $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ समान सदिश कहलाते है यदि उनके ..... है।

Ans. परिणाम एवं दिशा समान

(iii) सदिश $\vec{a} = \hat{i} + \hat{j} - 2\hat{k}$ के दिक्कोसाइन ..... होंगे।

Ans. $\frac{1}{\sqrt{6}}, \frac{1}{\sqrt{6}}, \frac{-2}{\sqrt{6}}$

(iv) यदि $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ दो शुन्यतर सदिश है। तब $\vec{a}.\vec{b} = 0$ यदि और केवल यदि ..... है।

Ans. $\vec{a}$ तथा $\vec{b}$ परस्पर लम्बवत है।

शेखावाटी मिशन 100 की कक्षा 10 एवं 12 के विभिन्न विषयों की नवीनतम बुकलेट डाउनलोड करने हेतु टेलीग्राम QR CODE स्कैन करें

अध्याय – 11
त्रि–विमीय ज्यामिति

अंकभार (1 + 1 + 3 + 4 = 9)

1. यदि दो रेखाओं के दिकअनुपात a_1,b_1,c_1 तथा a_2,b_2,c_2 है तो वे परस्पर लम्बवत होगी, यदि–

(1) $a_1b_2 + a_2b_1 + c_1c_2 = 0$ (2) $a_1^2 + b_1^2 + c_1^2 = 1$

(3) $a_2^2 + b_2^2 + c_2^2 = 1$ (4) $a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 0$

Ans. 4

2. यदि एक रेखा x, y और z अक्ष के साथ क्रमशः $90^\circ, 135^\circ, 45^\circ$ कोण बनाती है तो इसकी दिक्कोसाइन होगी–

(1) $\frac{1}{\sqrt{2}}, -\frac{1}{\sqrt{2}}, 0$ (2) $0, -\frac{1}{\sqrt{2}}, \frac{1}{\sqrt{2}}$ (3) $\frac{1}{2}, -\frac{1}{2}, 0$ (4) $0, \frac{1}{2}, -\frac{1}{2}$

Ans. 2

3. दो परस्पर लम्बवत रेखाओं के दिक्अनुपात 1, 2, 3 तथा 3, 2, λ है तो λ का मान होगा–

(1) $\frac{7}{3}$ (2) 5 (3) $\frac{5}{3}$ (4) $-\frac{7}{3}$

Ans. 4

4. x-अक्ष के समान्तर तथा मूल बिन्दु से जाने वाली रेखा का समीकरण होगा–

(1) $\vec{r} = \lambda\hat{j}$ (2) $\vec{r} = \lambda(\hat{i} + \hat{j} + \hat{k})$ (3) $\vec{r} = \lambda\hat{i}$ (4) $\vec{r} = \lambda(\hat{j} + \hat{k})$

Ans. 3

5. दर्शाइए कि बन्दु (2, 3, 4), (-1, -2, 1), (5, 8, 7) संरेख है–

Ans. माना दिये गये बिन्दु A(2, 3, 4), B(-1, -2,1) तथा C(5, 8, 7) हैः

$$\therefore AB = \sqrt{(-1-2)^2 + (-2-3)^2 + (1-4)^2}$$

$$= \sqrt{(-3)^2 + (-5)^2 + (-3)^2}$$

$$= \sqrt{3 + 25 + 9} = \sqrt{43}$$

$$BC = \sqrt{(5+1)^2 + (8+2) + (7-1)^2}$$

$$= \sqrt{(6)^2 + (10)^2 + (6)^2}$$

$$= \sqrt{36 + 100 + 36} = 2\sqrt{43}$$

$$AC = \sqrt{(2-5)^2 + (3-3)^2 + (4-7)^2}$$

$$= \sqrt{(-3)^2 + (-5)^2 + (-3)^2}$$

$$= \sqrt{9 + 25 + 9} = \sqrt{43}$$

$$\therefore AC + AB = \sqrt{43} + \sqrt{43} = 2\sqrt{43} = BC$$

अतः बिन्दु A, B तथा C संरेख है।

6. बिन्दु $(5,2,-4)$ से जाने वाली तथा सदिश $3\hat{i}+2\hat{i}-8\hat{k}$ के समांतर रेखा का सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए।

Ans. हमे ज्ञात है कि–

$\vec{a}=5\hat{i}+2\hat{i}-4\hat{k}$ और $\vec{b}=3\hat{i}+2\hat{i}-8\hat{k}$

इसलिए, रेखा का सदिश समीकरण है–

$\vec{r}=5\hat{i}+2\hat{i}-4\hat{k}+\lambda\left(3\hat{i}+2\hat{j}-8\hat{k}\right)$

7. दिए गए रेखा युग्म

$\vec{r}=3\hat{i}+2\hat{j}-4\hat{k}+\lambda\left(\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}\right)$

और $\vec{r}=5\hat{i}-2\hat{j}+\mu\left(3\hat{i}+2\hat{j}+6\hat{k}\right)$

के मध्य कोण ज्ञात कीजिए।

Ans. मान लीजिए

माना रेखाओं के बीच कोण θ हो तो

$$\cos\theta=\left|\frac{\vec{b}_1.\vec{b}_2}{|\vec{b}_1||\vec{b}_2|}\right|$$

$$\cos\theta=\left|\frac{\left(\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}\right)\left(3\hat{i}+2\hat{j}+6\hat{k}\right)}{\sqrt{1+4+4}\sqrt{9+4+36}}\right|$$

$$\cos\theta=\left|\frac{3+4+12}{3\times7}\right|=\frac{19}{21}$$

$$\theta=\cos^{-1}\left(\frac{19}{21}\right)$$

8. बिन्दु $(1,2,3)$ से गुजरने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात कीजिए जो सदिश $3\hat{i}+2\hat{j}-2\hat{k}$ के समान्तर है।

Ans. स्थिति बिन्दु $A(\vec{a})$ से गुजरने वाली रेखा AP तथा सदिश $\vec{b}$ के समान्तर रेखा का समीकरण

$\vec{r}=\vec{a}+\lambda\vec{b}$

यहां पर $\vec{a}=\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k}$

और $\vec{b}=3\hat{i}+2\hat{j}-2\hat{k}$

अभीष्ट रेखा AP का समीकरण

$\vec{r}=\left(\hat{i}+2\hat{j}+3\hat{k}\right)+\lambda\left(3\hat{i}+2\hat{j}-2\hat{k}\right)$

9. निम्न रेखा युग्म के बीच कोण ज्ञात कीजिए।

$\frac{x}{2}=\frac{y}{2}=\frac{z}{1}$ और $\frac{x-5}{4}=\frac{y-2}{2}=\frac{z-3}{8}$

Ans. रेखा $\frac{x}{2}=\frac{y}{2}=\frac{z}{1}$ के दिक् अनुपात 2, 2, 1 है तथा रेखा $\frac{x-5}{4}=\frac{y-2}{1}=\frac{z-3}{8}$ के दिक् अनुपात 4, 1, 8 है।

$\therefore a_1=2,b_1=2,c_1=1$

$a_2 = 3, b_2 = c_2 = 8$

यदि दो रेखाओं के मध्य कोण θ हो, तो

$$\cos\theta = \frac{a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2}{\sqrt{a_1^2 + b_1^2 + c_1^2}\sqrt{a_2^2 + b_2^2 + c_2^2}}$$

$$= \frac{2\times4 + 2\times1 + 1\times8}{\sqrt{2^2 + 2^2 + 1^2}\sqrt{4^2 + 1^2 + 8^2}}$$

$$= \frac{8+2+8}{\sqrt{4+4+1}\sqrt{16+1+64}} = \frac{18}{\sqrt{9}\sqrt{81}} = \frac{18}{3\times9} = \frac{2}{3}$$

$$\therefore \theta = \cos^{-1}\left(\frac{2}{3}\right)$$

10. P का मान ज्ञात कीजिए ताकि रेखाएं

$$\frac{1-x}{3} = \frac{7y-14}{2P} = \frac{z-3}{2}$$

और $\frac{7-7x}{3P} = \frac{y-5}{1} = \frac{6-z}{5}$ परस्पर लम्ब हो।

Ans. दी हुई रेखाओं को मानक रूप में रखने पर,

$$\frac{x-1}{-3} = \frac{y-z}{2P/7} = \frac{z-3}{2}$$

और $\frac{x-1}{-3P/7} = \frac{y-5}{1} = \frac{z-6}{-5}$

रेखा $\frac{x-1}{-3} = \frac{y-2}{2P/7} = \frac{z-3}{-5}$ के दिक् अनुपात $-3, \frac{2P}{7}, 2$ है तथा

रेखा $\frac{x-1}{-3} = \frac{y-5}{1} = \frac{z-6}{-5}$ $\frac{x-1}{-3P/7} = \frac{y-5}{1} = \frac{z-6}{-5}$ के दिक् अनुपात $-\frac{3P}{7}, 1, -5$ है।

रेखाएं लम्बवत हो तो –

$a_1a_2 + b_1b_2 + c_1c_2 = 0$

$$(-3)\times\frac{(-3P)}{7} + \frac{2P}{7}\times1 + 2\times(-5) = 0$$

$$\frac{9P}{7} + \frac{2P}{7} = 10$$

$$\frac{11P}{7} = 10$$

$$P = \frac{70}{11}$$

11. यदि रेखाएं $\frac{x-1}{-3}=\frac{y-5}{2k}=\frac{z-6}{2}$ और $\frac{x-1}{3k}=\frac{y-1}{1}=\frac{z-6}{-5}$ परस्पर लम्ब है। तो k का मान ज्ञात करो।

Ans. दी गई रेखाएं $\frac{x-1}{-3}=\frac{y-2}{2k}=\frac{z-3}{2}$ में दिक् अनुपात $-3,3k,2$ है तथा $\frac{x-1}{3k}=\frac{y-1}{1}=\frac{z-6}{-5}$ के दिक् अनुपात $3k,1,-5$ हैं तब रेखाएं परस्पर लम्ब है तब

$a_1a_2+b_1b_2+c_1c_2=0$

$\therefore(-3)\times(3k)+2k\times1+2\times(-5)=0$

$\Rightarrow -9k+2k-10=0$

$\Rightarrow -7k-10=0$

$\Rightarrow 7k=-10$

$\therefore k=-\frac{10}{7}$

12. रेखाएं जिनकी सदिश समीकरण निम्नलिखित है, के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए।

$\vec{r}=(1-t)\hat{i}+(t-2)\hat{j}+(3-2t)\hat{k}$

$\vec{r}=(s+1)\hat{i}+(2s-1)\hat{j}+(2s+1)\hat{k}$

Ans. प्रश्नानुसार पहली रेखा का समीकरण

$\vec{r}=(1-t)\hat{i}+(t-2)\hat{j}+(3-2t)\hat{k}$

$=\hat{i}-2\hat{j}+3\hat{k}+t\left(-\hat{i}+\hat{j}-2\hat{k}\right)$

$\vec{r}=\vec{a}_1+\lambda\vec{b}_1$ से इसकी तुलना करने पर

$\vec{a}_1=\hat{i}-2\hat{j}+3\hat{k}$ तथा $\vec{b}_1=-\hat{i}+\hat{j}-2\hat{k}$

प्रश्नानुसार दुसरी रेखा

$\vec{r}=(s+1)\hat{i}+(2s-1)\hat{j}-(2s+1)\hat{k}$ या

$\vec{r}=\hat{i}-\hat{j}-\hat{k}+s\left(\hat{i}+2\hat{j}-2\hat{k}\right)$

$\vec{r}=\vec{a}_2+\mu\vec{b}_2$ इसकी तुलना करने पर

$\vec{a}_2=\hat{i}-\hat{j}-\hat{k}$, $\vec{b}_2=\hat{i}+2\hat{j}-2\hat{k}$

हम जानते है कि ऐसा

$\vec{r}=\vec{a}_1+\lambda\vec{b}_1$ और $\vec{r}_2=\vec{a}_2+\mu\vec{b}_2$ के बीच

न्यूनतम दूरी $d=\left|\frac{(\vec{a}_2-\vec{a}_1).(\vec{b}_2\times\vec{b}_1)}{\left|\vec{b}_1\times\vec{b}_2\right|}\right|$ 1

यहां $\vec{a}_2-\vec{a}_1=\left(\hat{i}-\hat{j}-\hat{k}\right)-\left(\hat{i}-2\hat{j}+3\hat{k}\right)=\hat{j}-4\hat{k}$

तथा $\vec{b}_1\times\vec{b}_2=\left(-\hat{i}+\hat{j}-2\hat{k}\right)\times\left(\hat{i}\times2\hat{j}-2\hat{k}\right)$

$$= \begin{vmatrix} \hat{i} & \hat{j} & \hat{k} \\ -1 & 1 & -2 \\ 1 & 2 & -2 \end{vmatrix} = (-214)\hat{i} - (2+2)\hat{j} + (-2-1)\hat{k}$$

$2\hat{i} - 4\hat{j} - 3\hat{k}$

अतः $|\vec{b}_1 \times \vec{b}_2| = \sqrt{4 + (-4)^2 + (-3)^2} = \sqrt{29}$

इनका मान 1 में रखने पर

$$d = \left| \frac{\left(\hat{j} - 4\hat{k}\right)\left(2\hat{i} - 4\hat{j} - 3\hat{k}\right)}{\sqrt{29}} \right| = \left| \frac{0 \times 2 + 1 \times -4 + (-4)(-3)}{\sqrt{29}} \right|$$

$$= \frac{8}{\sqrt{29}}$$

13. रेखाओं $\frac{x+1}{7} = \frac{y+1}{-6} = \frac{z+1}{1}$ और $\frac{x-3}{1} = \frac{y-5}{-2} = \frac{z-7}{1}$ के बीच की न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए।

Ans. दी गई रेखाएं $\frac{x+1}{7} = \frac{y+1}{-6} = \frac{z+1}{1}$

और $\frac{x-3}{1} = \frac{y-5}{-2} = \frac{z-7}{1}$

यहां पर $x_1 = -1, y_1 = -1, z_1 = -1$

तथा $x_2 = 3, y_2 = 5, z_2 = 7$

और $a_1 = 7, b_1 = -6, c_1 = 1$

$a_2 = 1, b_2 = -2, c_2 = 1$

दो रेखाओं के बीच की न्यूनतम दूरी $d = \left| \frac{\begin{vmatrix} x_2 - x_1 & y_2 - y_1 & z_2 - z_1 \\ a_1 & b_1 & c_1 \\ a_2 & b_2 & c_2 \end{vmatrix}}{\sqrt{(b_1c_2 - b_2c_1)^2 + (c_1a_2 - c_2a_1)^2 + (a_1b_2 - a_2b_1)^2}} \right|$

$$= \left| \frac{\begin{vmatrix} 3+1 & 5+1 & 7+1 \\ 7 & -6 & 1 \\ 1 & -2 & 1 \end{vmatrix}}{\sqrt{(-6+2)^2 + (1-7)^2 + (-14+6)^2}} \right| = \left| \frac{-116}{\sqrt{116}} \right| = \sqrt{116} = 2\sqrt{29}$$

अतः अभीष्ट न्यूनतम दूरी $= 2\sqrt{29}$ इकाई

नोट– इन रेखाओं के बीच की दूरी इनको सदिश रूप में बदलकर प्रश्न 12 की तरह ज्ञात कर सकते है।

14. बिन्दु (1, 2, -4) से जाने वाली और दोनों रेखाओं $\frac{x-8}{3}=\frac{y+19}{-16}=\frac{z-10}{7}$ और $\frac{x-15}{3}=\frac{y-29}{8}=\frac{z-5}{-5}$ पर लम्ब रेखा का सदिश समीकरण ज्ञात कीजिए।

Ans. माना अभीष्ट रेखा का समीकरण $\vec{r}=\hat{i}+2\hat{j}-2\hat{k}+\lambda\left(b_1\hat{i}+b_2\hat{j}+b_3\hat{k}\right)$ 1

यह रेखा दोनों दी गई रेखाओं के लम्बवत है अतः

$3b_1-16b_2+7b_3=0$ 2

तथा $3b_1+8b_2-5b_3=0$ 3

समीकरण 2 व 3 से –

$$\frac{b_1}{80-56}=\frac{-b_2}{-15-12}=\frac{b_3}{24+48}$$

$$\frac{b_1}{2}=\frac{b_2}{3}=\frac{b_3}{6}$$

अतः b_1,b_2,b_3 के समानुपाती मान समीकरण 1 में रखने पर

रेखा $\vec{r}=\hat{i}+2\hat{j}-4\hat{k}+\lambda\left(2\hat{i}+3\hat{j}+6\hat{k}\right)$

15. रेखा युग्मों के बीच का कोण ज्ञात कीजिए–

$\frac{x-2}{2}=\frac{y-1}{5}=\frac{z+3}{-3}$ तथा $\frac{x+2}{-1}=\frac{y-4}{8}=\frac{z-5}{4}$

Ans. दी गई रेखाओं के दिक्अनुपात–

$a_1=2,b_1=5,c_1=-3$

$a_2=-1,b_2=8,c_2=4$

दोनों रेखाओं के बीच का कोण θ हो तो –

$$\cos\theta=\left|\frac{a_1a_2+b_1b_2+c_1c_2}{\sqrt{a_1^2+b_1^2+c_1^2}\sqrt{a_2^2+b_2^2+c_2^2}}\right|$$

$$=\left|\frac{2\times(-1)+5\times8+(-3)\times4}{\sqrt{4+25+9}\sqrt{1+64+16}}\right|$$

$$=\left|\frac{-2+40-12}{\sqrt{38}\sqrt{81}}\right|$$

$$=\frac{26}{9\sqrt{38}}$$

$$\theta=\cos^{-1}\left(\frac{26}{9\sqrt{38}}\right)$$

अध्याय – 12
रैखिक प्रोग्रामन

अंकभार (4)

1. निम्नलिखित व्यवरोधों के अन्तर्गत $z = 5x + 3y$ का आलेखीय विधि से अधिकतमीकरण कीजिए

$5x + 2y \le 10, 3x + 5y \le 15, x \ge 0, y \ge 0$

हल :– दिए व्यवरोध

$5x + 2y \le 10$ ———— व्यवरोध (1)

$3x + 5y \le 15$ ————व्यवरोध (2)

$x \ge 0, y \ge 0$ ———— व्यवरोध (3)

व्यवरोध (1) से समीकरण $5x + 2y = 10$ या $\frac{x}{2} + \frac{y}{5} = 1$ तथा मूल बिन्दु (0, 0) $0 < 10$ संतुष्ट करता है।

व्यवरोध (2) से समीकरण $3x + 5y = 15$ या $\frac{x}{5} + \frac{y}{3} = 1$

तथा मूल बिन्दु (0, 0), $0 < 15$ संतुष्ट करता है।

व्यवरोध (1), (2) व (3) के आलेखों से परिबद्ध क्षेत्र OABC सुसंगत क्षेत्र है।



कोणीय बिन्दुओं के संगत Z के मान

A (2, 0) तब $Z = 5(2) + 3(0) = 10$

$B\left(\frac{20}{19}, \frac{45}{19}\right)$ तब $Z = 5 \times \frac{20}{19} + 3 \times \frac{45}{19} = \frac{235}{19}$ ——— अधिकतम

$C(0,2)$ तब $Z = 5(0) + 3(2) = 6$

अतः– बिन्दु $\left(\frac{20}{19}, \frac{45}{19}\right)$ पर Z का अधिकतम मान $\frac{235}{19}$ प्राप्त होता है।

2. निम्नलिखित व्यवरोधों के अन्तर्गत $Z = 3x + 5y$ का आलेखीय विधि से न्यूनत्तमीकरण कीजिए–

$x + 3y \ge 3,\ x + y \ge 2,\ x, y \ge 0$

हलः– दिए व्यवरोध $x + 3y \ge 3$ ——— व्यवरोध (1)

$x + y \ge 2$ ———— व्यवरोध (2)

$x \ge 0, y \ge 0$ ———— व्यवरोध (3)

व्यवरोध (1) से समीकरण $x+3y=3$ या $\frac{x}{3}+\frac{y}{1}=1$

तथा मूल बिन्दु (0, 0), $0>3$ संतुष्ट नहीं करता है।

व्यवरोध (2) से समीकरण $x+y=2$ या $\frac{x}{2}+\frac{y}{2}=1$ तथा मूल बिन्दु $(0,0)$ $0>2$ संतुष्ट नहीं करता है।

व्यवरोध (1), (2) व (3) के आलेखों से अपरिबद्ध क्षेत्र अर्थात् सुसंगत क्षेत्र (छायांकित) दिखाया गया है।



कोणीय बिन्दुओं के संगत Z के मान

A (3, 0) तब $Z=3(3)+5(0)=9$

$B\left(\frac{3}{2},\frac{1}{2}\right)$ तब $Z=3\left(\frac{3}{2}\right)+5\left(\frac{1}{2}\right)=\frac{14}{2}=7$ ——— न्यूनतम

$C(0,2)$ तब $Z=3(0)+5(2)=10$

अतः– बिन्दु $\left(\frac{3}{2},\frac{1}{2}\right)$ पर Z का न्यूनतम मान 7 प्राप्त होता है।

3. निम्नलिखित व्यवरोधों के अन्तर्गत $Z=3x+9y$ का रैखिक प्रोग्रामन के ग्राफीय विधि द्वारा न्यूनतमीकरण व अधिकतमीकरण कीजिए–

$$x+3y\le+60$$
$$x+y\ge10$$
$$x\le y$$
$$x\ge0,\ y\ge0$$

हल :– दिए व्यवरोध

$x+3y\le+60$ ——— व्यवरोध (1)

$x+y\ge10$ ——— व्यवरोध (2)

$x\le y$ या $x-y\le0$ ——— व्यवरोध (3)

$x\ge0,\ y\ge0$ ——— व्यवरोध (4)

व्यवरोध (1) से समीकरण $x+3y=60$ या $\frac{x}{60}+\frac{y}{20}=1$

व्यवरोध (2) से समीकरण $x+y=10$ या $\frac{x}{10}+\frac{y}{10}=1$

तथा मूल बिन्दु (0, 0) असमिका $x+y>10,\ 0>10$ को संतुष्ट नहीं करता है।

व्यवरोध (3) से समीकरण $x=y$ तथा बिन्दु (1, 0), असमिका $x-y<0,\ 1<0$ को संतुष्ट नहीं करता है।

असमिका (व्यवरोध) 1, 2, 3, व 4 के आलेखों से परिबद्ध क्षेत्र ABCD सुसंगत क्षेत्र है।



कोणीय बिन्दुओं के संगत Z के मान–

A(0, 10) पर $Z=3(0)+9(10)=90$

B (5, 5) पर $Z=3(5)+9(5)=60$ ——— न्यूनतम

C (15, 15) पर $Z=3(15)+9(15)=180$ ——अधिकतम

D (0, 20) पर $Z=3(0)+9(20)=180$ ——— अधिकतम

अतः– सुसंगत क्षेत्र बिन्दु B (5, 5) पर Z का न्यूनतम मान 60 है। तथा अधिकतम मान 180 दो बिन्दुओं C (15, 15) व D (0, 20) है। व CD पर स्थित प्रत्येक बिन्दु पर भी अधिकतम मान 180 है।

अध्याय – 13
प्रायिकता

अंकभार (1 + 1 + 2 + 3 = 7)

1. यदि $P(A)=\frac{1}{2}, P(B)=0$ तब $P(A|B)$ है–

(1) 0 (2) ½ (3) परिभाषित नहीं (4) 1

2. यदि A और B दो घटनाएं इस प्रकार है कि $P(A|B)=P(B|A)\neq 0$ तब

(1) $A\subset B$ (2) $A=B$ (3) $A\cap B=\phi$ (4) $P(A)=P(B)$

3. दो पासों का एक जोड़ा उछाला जाता है तो प्रत्येक पासे पर एक सम अभाज्य संख्या प्राप्त होने की प्रायिकता क्या होगी?

(1) 0 (2) $\frac{1}{3}$ (3) $\frac{1}{12}$ (4) $\frac{1}{36}$

4. दो घटनाओं A और B को परस्पर स्वतंत्र कहते है, यदि

(1) A और B परस्पर अपवर्जी है (2) P(A'B') = [1-P(A)][1-P(B)]

(3) P(A) = P(B) (4) P(A) + P(B) = 1

5. A द्वारा सत्य बोलने की प्रायिकता $\frac{4}{5}$ है। एक सिक्का उछाला जाता है तथा A बताता है कि चित प्रदर्शित हुआ। वास्तविक रूप में चित प्रकट होने की प्रायिकता है–

(1) $\frac{4}{5}$ (2) $\frac{1}{2}$ (3) $\frac{1}{5}$ (4) $\frac{2}{5}$

6. यदि A और B ऐसी घटनाएं है कि $A\subset B$ तथा $P(B)\neq 0$ तो निम्न में से कौन ठीक है–

(1) $P(A|B)=\frac{P(B)}{P(A)}$ (2) $P(A|B)<P(A)$ (3) $P(A|B)\geq P(A)$ (4) इनमें से कोई नहीं

7. यदि A और B दो ऐसी घटनाएं है कि $P(A)\neq 0$ और $P(B|A)=1$ है, तो

(1) $A\subset B$ (2) $B\subset A$ (3) $B=\phi$ (4) $A=\phi$

8. यदि $P(A|B)>P(A)$, तब निम्न में से कौन सही है।

(1) $P(A|B)<P(B)$ (2) $P(A\cap B)<P(A).P(B)$ (3) $P(B|A)>P(B)$ (4) $P(B|A)=P(B)$

9. यदि A और B ऐसी दो घटनाएं है कि–

$P(A)+P(B)-P(A\cap B)=P(A)$, तब

(1) P(B|A) = 1 (2) P(A|B)=1 (3) P(B|A)=0 (4) P(A|B)=0

10. यदि P(A) = 0.5 है तो P(A') का मान होगा?

(1) 0.2 (2) 0.8 (3) 0.5 (4) 0

-: Answer :-

1-3, 2-4, 3-4, 4-2, 5-1, 6-3, 7-1, 8-3, 9-2, 10-3

भाग–ब

11. एक परिवार में दो बच्चे है। यदि यह ज्ञात हो कि बच्चों में से कम से कम एक बच्चा लड़का है, तो दोनों के लड़का होने की क्या प्रायिकता है?

Ans. माना कि b लड़का एवं g लड़की को निरूपित करते है। तो परीक्षण का प्रतिदर्श सभष्टि है–

$S = \{(b, b), (b, g), (g, b), (g,g)\}$

माना कि E एवं F क्रमशः निम्न घटनाओं को दर्शाते है–

E : दोनों बच्चे लड़के है।

F : बच्चों में से कम से कम एक लड़का है।

तब $E = \{(b,b)\}, F = \{(b, b), (g, b), (b, g)\}$

अब $E \cap F = \{(b,b)\}$

अतः $P(F) = \frac{3}{4}$ एवं $P(E \cap F) = \frac{1}{4}$

इसलिए $P(E \mid F) = \frac{P(E \cap F)}{P(F)} = \frac{\frac{1}{4}}{\frac{3}{4}} = \frac{1}{3}$

12. एक पासे को दो बार उछाला गया और प्रकट हुई संख्याओं का योग 6 पाया गया। संख्या 4 के न्यूनतम एक बार प्रकट होने की सहप्रतिबंध प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

Ans. माना कि E घटना संख्या 4 का न्यूनतम एक बार प्रकट होना तथा F घटना दोनों पासों पर प्रकट संख्याओं का योग 6 होने को दर्शाता है।

तब $E = \{(4,1),(4,2),(4,3),(4,4),(4,5),(4,6),(1,4),(2,4),(3,4),(5,4),(6,4)\}$

एवं $F = \{(1,5),(2,4),(3,3),(4,2),(5,1)\}$

हम जानते है कि $P(E) = \frac{11}{36}$ एवं $P(F) = \frac{5}{36}$

तथा $P(E \cap F) = \frac{2}{36}$

अतः वांछित प्रायिकता $P(E \mid F) = \frac{P(E \cap F)}{P(F)} = \frac{\frac{2}{36}}{\frac{5}{36}} = \frac{2}{5}$

13. यदि दिया गया है कि दोनों पासों को फैंकने पर प्राप्त संख्याएं भिन्न–भिन्न हैं। दोनों संख्याओं का योग 4 होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

Ans. दो पासों को उछालने पर प्रतिदर्श समष्टि $S = 6 \times 6 = 36$

माना कि घटना A = दो संख्याओं का योग 4 है।

$A = \{(1,3),(2,2),(3,1)\}$

अतः $n(A) = 3$

दो पासों की उछाल में समान संख्या वाले परिणाम

$= \{(1,1),(2,2),(3,3),(4,4),(5,5),(6,6)\}$

घटना B = पासों पर उछाल पर भिन्न–भिन्न अंक प्राप्त होगा

$= 36 - 6 = 30$

$n|B| = 30$

$A \cap B = \{(1,3),(3,1)\}$

तब $n(A \cap B) = 2$, $P(A \cap B) = \frac{2}{36}$

$P(A) = \frac{3}{36}, P(B) = \frac{30}{36}$

अतः $P(A|B) = \frac{P(A \cap B)}{P(B)} = \frac{\frac{2}{36}}{\frac{30}{36}} = \frac{2}{30} = \frac{1}{15}$

14. एक अनभिनत पासे को दो बार उछाला गया। मान लें A घटना पहली उछाल पर विषय अंक प्राप्त होना और B द्वितीय उछाल पर विषय अंक प्राप्त होना दर्शाते है। घटनाओं A और B के स्वातंत्रय का परीक्षण कीजिए।

Ans. यदि सभी 36 मौलिक घटनाओं को समसभाव्य मान ले तो

$P(A) = \frac{18}{36} = \frac{1}{2}$ एवं $P(B) = \frac{18}{36} = \frac{1}{2}$

साथ ही $P(A \cap B) = P$ (दोनों उछालों में विषय अंक प्राप्त होना)

$= \frac{9}{36} = \frac{1}{4}$

अब $P(A).P(B) = \frac{1}{2}.\frac{1}{2} = \frac{1}{4}$

स्पष्टतया $P(A \cap B) = P(A).P(B)$

अतः A और B स्वतंत्र घटनाएं है।

15. सिद्ध कीजिए कि यदि E और F दो स्वतंत्र घटनाएं है तो E और F' भी स्वतंत्र होगी।

Ans. क्योंकि E एवं F स्वतंत्र घटनाएं है इसलिए

$P(E \cap F) = P(E).P(F)$ 1

उपरोक्त वेन आरेख से स्पष्ट है कि $(E \cap F)$ तथा $(E \cap F')$ परस्पर अपवर्जी घटनाऐं है।



साथ ही $E=(E\cap F)\cup(E\cap F')$

अतः $P(E)=P(E\cap F)+P(E\cap F')$

$P(E\cap F')=P(E)-P(E).P(F)$ (समीकरण 1 से)

$P(E\cap F')=P(E)[1-P(F')]$

$P(E\cap F')=P(E).P(F')$

अतः E और F' स्वतंत्र घटनाएं है।

भाग–स

16. एक सिक्के को उछालने के परीक्षण पर विचार कीजिए। यदि सिक्के पर चित प्रकट तो सिक्के को पुनः उछालें परन्तु यदि सिक्के पर पट प्रकट हो तो एक पासे को फेंकें। यदि घटना कम से कम एक पट प्रकट होना का घटित होना दिया गया है तो घटना पासे पर 4 बड़ी संख्या प्रकट होना की सप्रतिबंध प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

Ans. परीक्षण का प्रतिदर्श समष्टि है–

S = {(H, H), (H, T), (T, 1), (T, 2), (T, 3), (T, 4), (T, 5), (T, 6)}



जहां (H, H) दर्शाता है कि दोनों उछालों पर चित प्रकट हुआ और (T, i) दर्शाता है कि पहली उछाल पर एक पट और पासे को फेंकने पर संख्या i प्रकट हुई।

अतः 8 मौखिक घटनाओं (H, H), (H, T), (T, 1), (T, 2), (T, 3), (T, 4), (T, 5), (T, 6) की क्रमशः $\frac{1}{4},\frac{1}{4},\frac{1}{12},\frac{1}{12},\frac{1}{12},\frac{1}{12},\frac{1}{12},\frac{1}{12}$ प्रायिकता निर्धारित की जा सकती है।

मान लें F घटना न्यूनतम एक पट प्रकट होना और E घटना पासे पर 4 से बड़ी संख्या प्रकट होना को दर्शाते हैं।

तब $E=\{(H,T),(T,1),(T,2),(T,3)(T,4),(T,5),(T,6)\}$

$E = \{(T,5),(T,6)\}$ और $E \cap F = \{(T,5),(T,6)\}$

अब $P(F) = P(\{(H,T)\}) + P(\{(T,1)\}) + P(\{(T,2)\}) + P(\{(T,3)\}) + P(\{(T,4)\}) + P(\{(T,5)\}) + P(\{(T,6)\})$

$= \frac{1}{4} + \frac{1}{12} + \frac{1}{12} + \frac{1}{12} + \frac{1}{12} + \frac{1}{12} + \frac{1}{12} = \frac{3}{4}$



और $P(E \cap F) = P(\{(T,5)\}) + P(\{(T,6)\}) = \frac{1}{12} + \frac{1}{12} = \frac{1}{6}$

अतः $P(E \mid F) = \frac{P(E \cap F)}{P(F)} = \frac{\frac{1}{6}}{\frac{3}{4}} = \frac{2}{9}$

17. 52 पत्तों की अच्छी तरह फेंट गई गड्डी में से एक के बाद एक तीन पते बिना प्रतिस्थापित किए निकाले गए। पहले दो पत्तों का बादशाह और तीसरे का इक्का होने की क्या प्रायिकता है?

Ans. मान लें कि K घटना निकाला गया पता बादशाह है को और A घटना निकाला गया पता इक्का है को व्यक्त करते हैं। स्वष्टतया हमें P(KKA) ज्ञात करना है।

अब $P(K) = \frac{4}{52}$

साथ ही $P(K \mid K)$ यह ज्ञात होने पर कि पहले निकाला गया पता बादशाह है पर दूसरे पते का बादशाह होने की प्रायिकता को दर्शाता है। अब गड्डी में $(52-1) = 51$ पत्ते है जिनमें तीन बादशाह है

इसलिए $P(K \mid K) = \frac{3}{51}$

अंततः $P(A \mid KK)$ तीसरे निकाले गए पते का इक्का होने की सप्रतिबंध प्रायिकता है जब कि हमें ज्ञात है कि दो बादशाह पहले ही निकाले जा चुके हैं। अब गड्डी में 50 पत्ते रह गए हैं

इसलिए $P(A \mid KK) = P(A \mid KK) = \frac{4}{50}$

प्रायिकता के गुणन नियम द्वारा हमें प्राप्त होता है कि

$P(KKA) = P(K)P(K \mid K)P(A \mid KK)$

$= \frac{4}{52} \times \frac{3}{51} \times \frac{4}{50} = \frac{2}{5525}$

18. तीन अभिन्न डिब्बे I, II और III दिए गए हैं जहां प्रत्येक में दो सिक्के हैं। डिब्बे I में दोनों सिक्के सोने के है, डिब्बे II में दोनों सिक्के चांदी के हैं और डिब्बे III में एक सोने और एक चांदी का सिक्का है। एक व्यक्ति यादृच्छया एक डिब्बा चुनता है और उसमें से यादृच्छया एक सिक्का निकालता है। यदि सिक्का सोने का है, तो इस बात की क्या प्रायिकता है कि डिब्बे में दूसरा सिक्का भी सोने का ही है?

Ans. मान ले E_1, E_2 और E_3 क्रमशः डिब्बे I, II और III के चयन को निरूपित करते है

तब $P(E_1)=P(E_2)=P(E_3)=\frac{1}{3}$

साथ ही मान लें A घटना 'निकाला गया सिक्का सोने का है' को दर्शाता है।

तब $P(A|E_1)$ = P (डिब्बे I से सोने का सिक्का निकलना) = $\frac{2}{2}=1$

$P(A|E_1)$ = P (डिब्बे II से सोने का एक सिक्का निकलना) = 0

$P(A|E_3)$ = P (डिब्बे III से सोने का सिक्का निकलना) = $\frac{1}{2}$

अब डिब्बे में दूसरा सिक्का भी सोने का होने की प्रायिकता

= निकाला गया सोने का सिक्का डिब्बे I से होने की प्रायिकता

= $P(E_1|A)$

अब बेज–प्रमेय द्वारा

$$P(E_1 \mid A)=\frac{P(E_1)P(A \mid E_1)}{P(E_1)P(A \mid E_1)+P(E_2)P(A \mid E_2)+P(E_3)P(A \mid E_3)}$$

$$=\frac{\frac{1}{3}\times 1}{\frac{1}{3}\times 1+\frac{1}{3}\times 0+\frac{1}{3}\times\frac{1}{2}}=\frac{2}{3}$$

19. एक व्यक्ति के बारे में ज्ञात है कि वह 4 में से 3 बार सत्य बोलता है। वह एक पासे को उछालता है और बतलाता है कि उस पर आने वाली संख्या 6 है। इस की प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि पासे पर आने वाली संख्या वास्तव में 6 है।

Ans. मान लीजिए कि E व्यक्ति द्वारा पासे को उछाल कर यह बताने की कि उस पर आने वाली संख्या 6 है की घटना है। मान लीजिए कि S_1 पासे पर संख्या 6 नहीं आने की घटना हैं। तब

$P(S_1)$ = संख्या 6 आने की घटना की प्रायिकता = $\frac{1}{6}$

$P(E|S_1)$ = व्यक्ति द्वारा यह बताने पर कि पासे कि संख्या 6 आई है जबकि पासे पर आने वाली संख्या वास्तव में 6 है, की प्रायिकता

= व्यक्ति द्वारा सत्य बोलने की प्रायिकता = $\frac{3}{4}$

$P(E|S_2)$ = व्यक्ति द्वारा यह बताने पर कि पासे पर संख्या 6 आई है जबकि पासे पर आने वाली संख्या वास्तव में 6 नहीं है, की प्रायिकता

= व्यक्ति द्वारा सत्य बोलने की प्रायिकता = $1-\frac{3}{4}=\frac{1}{4}$

अब बेज प्रमेय द्वारा

$P(S_1|E)$ = व्यक्ति द्वारा यह बताने की प्रायिकता कि संख्या 6 प्रकट हुई है, जब वास्तव में संख्या 6 है।

$$= \frac{P(S_1)P(E|S_1)}{P(S_1)P(E|S_1)+P(S_2)P(E|S_2)} = \frac{\frac{1}{6}\times\frac{3}{4}}{\frac{1}{6}\times\frac{3}{4}\times\frac{5}{6}\times\frac{1}{4}} = \frac{1}{8}\times\frac{25}{8} = \frac{3}{8}$$

अतः अभीष्ट प्रायिकता $\frac{3}{8}$ है।

20. A और B बारी–बारी से एक पासे को उछालते है जब तक कि उनमें से कोई एक पासे पर छः प्राप्त कर खेल को जीत नहीं लेता। यदि A खेल को शुरू तो उनके जीतने की क्रमशः प्रायकिता ज्ञात कीजिए।

Ans. मान लीजिए S सफलता (पासे पर 6 प्रकट होना) को और F असफलता (पासे पर 6 प्रकट न होना) को व्यक्त करते हैं।

अतः $P(S)=\frac{1}{6}, P(F)=\frac{5}{6}$

P (A के पहली उछाल में जीतना) = $P(S) = \frac{1}{6}$

A को तीसरी उछाल का अवसर तब मिलता है जब A पहली उछाल में और B दूसरी उछाल में असफल होते है। इसलिए

P(A का तीसरी उछाल में जीतना) = $P(FFS) = P(F)P(F)P(S) = \frac{5}{6}\times\frac{5}{6}\times\frac{1}{6} = \left(\frac{5}{6}\right)^2\times\frac{1}{6}$

इसी प्रकार P(A का पांचवी उछाल में जीतना) = $P(FFFFS) = \left(\frac{5}{6}\right)^4\left(\frac{1}{6}\right)$

और इसी प्रकार अन्य अतः P(A जीतना) $= \frac{1}{6}+\left(\frac{5}{6}\right)^2\left(\frac{1}{6}\right)+\left(\frac{5}{6}\right)^4\left(\frac{1}{6}\right)+....$

$$= \frac{\frac{1}{6}}{\frac{1-25}{36}} = \frac{6}{11}$$

P(B जीतना) = 1 - P (A जीतना) = $1-\frac{6}{11} = \frac{5}{11}$

21. एक विशेष समस्या को A और B द्वारा स्वतंत्र रूप से हल करने की प्रायिकताएं क्रमशः $\frac{1}{2}$ और $\frac{1}{3}$ हैं। यदि दोनों स्वतंत्र रूप से, समस्या हल करने का प्रयास करते हैं, तो प्रायिकता ज्ञात कीजिए कि –

(i) समस्या हल हो जाती है।

(ii) उनमें से तथ्यतः कोई एक समस्या हल कर लेता है।

Ans. A और B द्वारा समस्या हल करने की प्रायिकता क्रमशः $\frac{1}{2}$ और $\frac{1}{3}$ और न हल करने की प्रायिकता क्रमशः $1-\frac{1}{2}$ या $\frac{1}{2}$ और $1-\frac{1}{3}$ या $\frac{2}{3}$ है।

(i) समस्या हल न होने की प्रायिकता $=\frac{1}{2}\times\frac{2}{3}=\frac{1}{3}$

$\therefore$ दोनों की समस्या हल होने की प्रायिकता $=1-\frac{1}{3}=\frac{2}{3}$

(ii) यदि समस्या के हल होने को S और न हल होने को F निरूपित करें तो तथ्यतः उस समस्या को हल SF + FS ढंग से हल किया जाएगा।

इसकी प्रायिकता $=\frac{1}{2}\times\left(1-\frac{1}{3}\right)+\left(1-\frac{1}{2}\right)\times\frac{1}{3}$

$=\frac{1}{2}\times\frac{2}{3}+\frac{1}{2}\times\frac{1}{3}=\frac{1}{2}\left(\frac{2}{3}+\frac{1}{3}\right)=\frac{1}{2}$

22. थैले 1 में 3 लाल तथा 4 काली गेंदे हैं तथा थैला 2 में 4 लाल और 5 काली गेंदे हैं। एक गेंद को थैला 1 से थैला 2 में स्थानान्तरित किया जाता है और तब एक गेंद थैले 2 से निकाली जाती है। निकाली गई गेंद लाल रंग की है। स्थानान्तरित गेंद की काली होने की प्रायिकता ज्ञात कीजिए।

Ans. थैले 1 में 3 लाल और 4 काली गेंदे है।

तथा थैले 2 में 4 लाल और 5 काली गेंदें है।

मान लीजिए घटना E_1 तथा E_2 थैले 1 से लाल गेंद और काली गेंद निकालने की हों, तब

$\therefore$ $P(E_1)=\frac{3}{7}, P(E_2)=\frac{4}{7}$

घटना A : लाल रंग की गेंद निकालना

एक लाल गेंद थैले 1 से निकाल कर 2 में रख दी गई। इस प्रकार थैले 2 में 5 लाल और 5 काली गेंदें हो गई।

$\therefore$ $P(A/E_1)=\frac{5}{10}$

एक काली गेंद थैले 1 से निकालकर थैला 2 में रख दी। इस प्रकार दूसरे थैले में 4 लाल और 6 काली गेंदे हैं।

$\therefore$ $P(A/E_2)=\frac{4}{10}$

बेज प्रमेय से,

$$P(E_1/A)=\frac{P(E_2)P(A/E_2)}{P(E_1)P(A/E_1)+P(E_2)P(A/E_2)}$$

$$=\frac{\frac{4}{7}\times\frac{4}{10}}{\frac{3}{7}\times\frac{5}{10}+\frac{4}{7}\times\frac{4}{10}}=\frac{16}{15+16} \qquad =\frac{16}{31}$$

पेपर – 1
कक्षा – 12 विषय – गणित

1. बहुविकल्पीय प्रश्न –

(i) यदि कोई संबंध R, समुच्चय N पर इस प्रकार परिभाषित है कि $R = \{a, b\} : a - b + 2=0, b > 6\}$ हो निम्न में से सत्य नहीं है–

(1) $(5, 7) \in R$ (2) $(6, 8) \in R$ (3) $(7, 9) \in R$ (4) $(4, 6) \in R$

(ii) $\sin\left[\frac{\pi}{2} + \cos^{-1}\left(\frac{1}{3}\right)\right]$ का मान है–

(1) 0 (2) $-\frac{1}{3}$ (3) $\frac{1}{3}$ (4) $\frac{2}{3}$

(iii) आव्यूह A तथा A^{-1} एक दूसरे के प्रतिलोम है तो

(1) $AA^{-1} = A^{-1}A$ (2) $AA^{-1} = A^{-1}A = I$ (3) $AA^{-1} = A^{-1}A = 0$ (4) इनमें से कोई नहीं

(iv) $\begin{vmatrix}\cos 2\theta & \sin 2\theta \\ \sin 2\theta & \cos 2\theta\end{vmatrix}$ का मान ज्ञात करो यदि $\theta = \frac{\pi}{4}$

(1) 0 (2) 1 (3) –1 (4) $\frac{1}{\sqrt{2}}$

(v) यदि $y = \log\sqrt{x}$ हो तो $\frac{d^2y}{dx^2}$ का मान है–

(1) $\frac{1}{\sqrt{x}}$ (2) $\frac{1}{2x}$ (3) $\frac{1}{2x^2}$ (4) $-\frac{1}{2x^2}$

(vi) $|\sin 2x| + 4$ का न्यूनतम मान है–

(1) 5 (2) 6 (3) 4 (4) –1

(vii) e^{2x} का समकालन है–

(1) $e^{2x} + C$ (2) $2e^{2x} + C$ (3) $\frac{2}{e^{2x}} + C$ (4) $\frac{e^{2x}}{2} + C$

(viii) दीर्घवृत $\frac{x^2}{9} + \frac{y^2}{4} = 1$ का x – अक्ष के ऊपर क्षेत्रफल है–

(1) 36 π (2) 6π (3) 3π (4) 6

(ix) वक्र $y = \sin x$ का $x = 0$ से $x = \pi$ तक का क्षेत्रफल है–

(1) 1 (2) 2 (3) 3 (4) 4

(x) अवकल समीकरण $\left(\frac{d^3y}{dx^3}\right)^2+\cos\left(\frac{dy}{dx}\right)=0$ की घात है–

(1) 1 (2) 2 (3) 3 (4) अपरिभाषित

(xi) $\hat{i}.\left(\hat{i}\times\hat{k}\right)+\hat{j}.\left(\hat{i}\times\hat{k}\right)+\hat{k}.\left(\hat{i}\times\hat{j}\right)$ का मान है–

(1) 0 (2) 1 (3) –1 (4) 2

(xii) z अक्ष की दिक् कोसाइन है–

(1) 0, 0, 1 (2) 0, 1, 0 (3) 1, 0, 0 (4) 1, 1, 1

(xiii) रेखा $\vec{r}=\left(3\hat{i}+2\hat{j}-4\hat{k}\right)+\lambda\left(\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}\right)$ तथा रेखा $\vec{r}=\left(2\hat{i}-\hat{j}+\hat{k}\right)+\mu\left(-2\hat{i}+\hat{j}+m\hat{k}\right)$ परस्पर लम्बवत हो तो m का मान है–

(1) 2 (2) –2 (3) 4 (4) –4

(xiv) दो घटनाए A और B स्वतंत्र हो तो सत्य है–

(1) $P(A\cup B)=P(A)P(B)$ (2) $P(A\cup B)=P(A)+P(B)$

(3) $P(A\cap B)=P(A)P(B)$ (4) $P(A\cap B)=P(A)+P(B)$

(xv) यदि $P(A)=0.80, P(B)=0.50$ तो $P\frac{(A)}{(B)}$ ज्ञात करो।

(1) $\frac{5}{8}$ (2) $\frac{8}{5}$ (3) 1 (4) ज्ञात नहीं कर सकते

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(i) $\sin^{-1}\left[\sin\frac{3\pi}{5}\right]$ का मान ..... है।

(ii) $\tan^{-1}\left(\sqrt{3}\right)-\sec^{-1}\left(-2\right)$ का मान ..... होगा।

(iii) $\tan^{-1}\left(\frac{1}{x}\right)+\cot^{-1}\left(\sqrt{3}\right)=\frac{\pi}{2}$ हो तो x का मान ..... है।

(iv) $y=\sin\left\lfloor\cos(x)^2\right\rfloor$ हो तो $\frac{dy}{dx}$ का मान ..... है।

(v) वृत की परिधि में परिवर्तन की दर त्रिज्या के सापेक्ष ..... होगा यदि त्रिज्या 5 सेमी है।

(vi) अवकल समीकरण $\frac{dy}{dx}=e^{x-y}$ का व्यापक हल ..... है।

(vii) $\vec{a}=2\hat{i}-\hat{j}+\hat{k}$ के अनुदिश मात्रक सदिश ..... है।

3. अतिलघुतरात्मक प्रश्न–

(i) यदि $\begin{vmatrix}3 & x\\ x & 1\end{vmatrix}=\begin{vmatrix}3 & 2\\ 4 & 1\end{vmatrix}$ हो तो x का मान ज्ञात करो।

(ii) $\Delta = \begin{vmatrix} a_{11} & a_{12} & a_{13} \\ a_{21} & a_{22} & a_{23} \\ a_{31} & a_{32} & a_{33} \end{vmatrix}$ के लिए अवयव a_{11} और a_{21} का सहखण्ड ज्ञात करो।

(iii) सिद्ध कीजिए फलन $f(x) = x^3 - 3x^2 + 4x, x \in R$ एक निरन्तर वर्धमान फलन है।

(iv) $\int \sqrt{1+\cos 3x}\, dx$ का मान ज्ञात करो।

(v) फलन $f(x) = \sin^2 x$ का न्यूनतम मान कितना होता है।

(vi) $\int \left(1-\sqrt{x}\right)\sqrt{x}\, dx$ का मान ज्ञात करो।

(vii) रैखिक समीकरण $x\frac{dy}{dx} + 2y = x^2$ का समाकलन गुणांक (I.F.) ज्ञात करो।

(viii) $\vec{a}$ एक मात्रक सदिश इस प्रकार है कि $(\vec{x}-\vec{a}),(\vec{x}+\vec{a}) = 8$ तो $\vec{x}$ के परिमाण का मान है।

(ix) यदि $|\vec{a}.\vec{b}| = |\vec{a}\times\vec{b}|$ हो तब $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच कोण ज्ञात करो।

(x) $\vec{a} = 2\hat{i} + 3\hat{j} + 2\hat{k}$ पर $\vec{b} = \hat{i} + 2\hat{j} + \hat{k}$ का प्रक्षेप ज्ञात करो।

खण्ड–ब

लघुतरात्मक प्रश्न

4. सिद्ध कीजिए वास्तविक संख्याओं R पर परिभाषित फलन f(x) = 3 – 4x एकैकी आच्छादक फलन है।

5. यदि $2A + B = \begin{bmatrix} 3 & -1 \\ 2 & 4 \end{bmatrix}$ तथा $B = \begin{bmatrix} -1 & -5 \\ 0 & 2 \end{bmatrix}$ हो तो AB ज्ञात कीजिए।

6. यदि $A = \begin{bmatrix} 1 & 2 \\ 2 & -1 \end{bmatrix}$ हो तो आव्यूह A का प्रतिलाम आव्यूह ज्ञात करो।

7. निम्नलिखित समीकरण निकाय को हल कीजिए।

$2x + 5y = 1$

$3x + 2y = 7$

8. $f(x) = \begin{cases} kx+1 & x \le 5 \\ 3x-5 & x > 5 \end{cases}$ द्वारा परिभाषित फलन $x = 5$ पर सतत हो तो k का मान ज्ञात करो।

9. $x^{\sin x}$ का x के सापेक्ष अवकलन कीजिए।

10. यदि $x = a(\theta + \sin\theta)$ तथा $y = a(1-\cos\theta)$ हो तो $\frac{d^2y}{dx^2}$ ज्ञात करो।

11. $F(x) = 2x^2 - 3x$ हो तो वह अन्तराल ज्ञात करो जिसमें फलन निरन्तर वर्धमान और निरन्तर ह्रासमान हो?

12. $\int \frac{3x^2 dx}{\left(2+3x^3\right)^3}$ का मान ज्ञात करो।

13. प्रथम चतुर्थांश में वक्र $y = x^2$ तथा $x = 1$ एवं $x = 2$ के बीच का क्षेत्रफल ज्ञात करो।

14. अवकल समीकरण $\frac{dy}{dx} = \frac{1+y^2}{1+x^2}$ का व्यापक हल ज्ञात करो।

15. एक पासे को दो बार उछाला जाता है और प्रकट हुई संख्याओं का योग 6 पाया जाता है। संख्या 4 के न्यूनतम एक बार प्रकट होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

खण्ड–स

दीर्घउत्तरीय प्रश्न

16. $\int_{\frac{\pi}{2}}^{\pi} e^x \left[\frac{1-\sin x}{1-\cos x}\right] dx$ का मान ज्ञात करो।

अथवा

$\int_0^{\frac{\pi}{2}} \frac{\sin x}{1+\cos^2 x} dx$ का मान ज्ञात करो।

17. अवकल समीकरण $\left(x^2+y^2\right)dx - 2xydy = 0$ का व्यापक हल ज्ञात करो।

अथवा

अवकल समीकरण $(x+y)dy + (x-y)dx = 0$ का विशिष्ट हल ज्ञात करो यदि $x = 1$ तथा $y = 1$

18. बिन्दुओं (-1, 0, 2) और (3, 4, 6) से होकर जाने वाली रेखाओं के कार्तीय व सदिश समीकरण ज्ञात करो।

अथवा

एक त्रिभुज की भुजाओं की दिक् कोसाइन ज्ञात करो। यदि त्रिभुज के शीर्ष (3, 5, -4), (-1, 1, 2) तथा (-5, -5, -2) है।

19. एक थैले में 4 लाल और 4 काली गेंद है तथा अन्य थैले में 2 लाल और 6 काली गेंद है। दोनों थैलो में से एक का चयन यादृच्छया किया जाता है और उसमें से एक गेंद निकाली जाती है जो लाल रंग की है तो इस गेंद के दूसरे थैले से निकलने की प्रायिकता ज्ञात करो।

अथवा

एक मशीन समुचित ढंग से स्थापित की जाती है तो 90 प्रतिशत स्वीकार्य वस्तु उत्पादित करती है। और समुचित ढंग से स्थापित नहीं होने पर मात्र 40 प्रतिशत स्वीकार्य वस्तु उत्पादित करती है। पूर्व अनुभव बताता है कि मशीन 80 प्रतिशत समुचित है। यदि निश्चित स्थापन के बाद मशीन 2 स्वीकार्य वस्तुओं का उत्पादन करती है तो मशीन के समुचित ढंग से स्थापित होने की प्रायिकता ज्ञात करो।

निबंधात्मक प्रश्न

20. $\int \frac{\sqrt{(x^2+1)}\left[\log(x^2+1)-2\log x\right]}{x^4}dx$ ज्ञात कीजिए।

अथवा

$\int_{\frac{\pi}{6}}^{\frac{\pi}{3}} \frac{(\sin x+\cos x)dx}{\sqrt{\sin 2x}}$ का मान ज्ञात करो।

21. निम्नलिखित रेखाओं $\vec{r}=\left(\hat{i}+2\hat{j}-4\hat{k}\right)+\lambda\left(2\hat{i}+3\hat{j}+6\hat{k}\right)$ तथा $\vec{r}=3\hat{i}+3\hat{j}-5\hat{k}+\mu\left(6\hat{i}+9\hat{j}+18\hat{k}\right)$ के बीच न्यूनतम दूरी ज्ञात करो।

अथवा

सिद्ध कीजिए रेखाएं $\frac{x+3}{-3}=\frac{y-1}{1}=\frac{z-5}{5}$ तथा $\frac{x+1}{-1}=\frac{y-2}{2}=\frac{z-5}{5}$ सहतनीय है।

22. निम्न अवरोधों के अन्तर्गत z = -x + 2y का अधिकसमीकरण ज्ञात करो।

$x+y\geq 5$

$x+2y\geq 6$

$x\geq 3$

$y\geq 0$

अथवा

निम्न अवरोधों के अन्तर्गत $z=200x+500y$ का न्यूनतम मान ज्ञात करो।

$x+2y\geq 10$

$3x+4y\leq 24$

$x\geq 0$

$y\geq 0$

पेपर – 2
कक्षा – 12 विषय – गणित

1. बहुविकल्पीय प्रश्न –

(i) यदि $f:R\to R, f(x)=\sin x$ तथा $g:R\to R, g(x)=x^2$ तब $(fog)(x)=$

(1) $\sin x^2$ (2) $\sin^2 x$ (3) $\sin x+x^2$ (4) $\sin^2 x^2$

(ii) $\sin^{-1}2x+\cos^{-1}\frac{1}{2}=\frac{\pi}{2}$ हो तो x का मान है–

(1) $\frac{1}{2}$ (2) 2 (3) $\frac{1}{4}$ (4) None of these

(iii) यदि एक आव्यूह सममित एवं विषम–सममित हो तो वह आव्यूह होगा–

(1) शून्य आव्यूह (2) त्रिभुजाकार आव्यूह (3) विकर्ण आव्यूह (4) इनमें से कोई नहीं

(iv) $\begin{vmatrix} 1 & \log_b a \\ \log_a b & 1 \end{vmatrix}$ का मान होगा–

(1) 1 (2) 0 (3) $\log_a b$ (4) $\log_b a$

(v) य $y=x\log_e x$ तो $\frac{d^2y}{dx^2}$ का मान होगा–

(1) $\frac{1}{1+x}$ (2) $1+\log_e x$ (3) $\log_e(1+x)$ (4) $\frac{1}{x}$

(vi) $|x+2|-1$ का न्यूनतम मान है–

(1) 1 (2) -1 (3) 0 (4) अस्तित्व नहीं है

(vii) $\int\frac{dx}{x\log_e x}$ का मान होगा।

(1) $|\log x|+C$ (2) $\frac{1}{2}+C$ (3) $\log|\log x|+C$ (4) $-\frac{1}{x^2}+C$

(viii) प्रथम चतुर्थांश में वृत $x^2+y^2=4$ से घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल होगा–

(1) π (2) π/2 (3) π/3 (4) π/4

(ix) परवलय $x^2=4y$ तथा इसके नाभिलम्ब द्वारा परिबद्ध क्षेत्रफल है–

(1) $\frac{5}{3}$ (2) $\frac{2}{3}$ (3) $\frac{8}{3}$ (4) $\frac{4}{3}$

(x) अवकल समीकरण $\frac{d^2y}{dx^2}+x\left(\frac{dy}{dx}\right)^4=\cos x$ की घात होगी–

(1) 1 (2) 2 (3) 4 (4) अपरिभाषित

(xi) यदि दो सदिशों $\vec{a}$ और $\vec{b}$ के बीच का कोण θ है तो $\vec{a}.\vec{b}\geq 0$ होगा। यदि

(1) $0<\theta<\frac{\theta}{2}$ (2) $0\leq\theta\leq\frac{\pi}{2}$ (3) $0<\theta<\pi$ (4) $0\leq\theta\leq\frac{\pi}{3}$

(xii) निम्न में से कौनसा समूह एक रेखा की दिक्कोज्याएं नहीं है।

(1) 1, 1, 1 (2) 0, 0, -1 (3) -1, 0, 0 (4) 0, 0, 1

(xiii) रेखाएं $\frac{x-5}{7}=\frac{y+2}{P}=\frac{z}{1}$ तथा $\frac{x}{1}=\frac{y}{-2}=\frac{z}{3}$ लम्बवत हो तो P का मान होगा–

(1) 1 (2) 2 (3) 4 (4) 5

(xiv) यदि A और B दो स्वतंत्र घटनाएं है जहां $P(A)=\frac{1}{2}, P(A\cup B)=\frac{3}{5}$ तथा $P(B)=x$ तब x का मान होगा–

(1) $\frac{1}{10}$ (2) $\frac{2}{10}$ (3) $\frac{3}{10}$ (4) $\frac{2}{5}$

(xv) यदि दो निष्पक्ष पासों की एक जोड़ी को एक बार फैंका जाता है तो दोनों पासों पर अंकों का योग 5 होने की प्रायकता है–

(1) $\frac{5}{36}$ (2) $\frac{1}{12}$ (3) $\frac{1}{18}$ (4) $\frac{1}{9}$

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति करो–

(i) $\cos^{-1}\left(\cos\frac{7\pi}{6}\right)$ का मुख्य मान ..... है।

(ii) $\sin\left[\frac{\pi}{4}-\sin^{-1}\left(-\frac{1}{\sqrt{2}}\right)\right]$ का मान ..... होगा।

(iii) $3\tan^{-1}x+\cot^{-1}x=\pi$ हो तो $x=$ ..... होगा।

(iv) यदि $y=\cos\sqrt{x}$ तो $\frac{dy}{dx}$ = ... होगा।

(v) किसी उत्पाद की x इकाइयों के विक्रय से प्राप्त कुल आय रुपये में $R(x)=4x^2+49x+7$ है $x=6$ तो सीमान्त आय ..... होगी।

(vi) अवकल समीकरण $\frac{dy}{dx}+\frac{y}{x}=x^2$ का समाकलन गुणांक $(I.F.)$ ..... होगा

(vii) $\left(\hat{i}\times j\right)\hat{k}+\hat{i}.\hat{j}$ का मान ..... होगा।

3. अतिलघुतरात्मक प्रश्न–

(i) $\begin{vmatrix} x & x+1 \\ x-1 & x \end{vmatrix}$ का मान ज्ञात करो।

(ii) यदि सारणिक $\begin{vmatrix} 2 & -3 & 5 \\ 6 & 0 & 4 \\ 1 & 5 & -4 \end{vmatrix}$ के अवयव a_{ij} का सहखण्ड A_{ij} है तो $a_{32} \times A_{32}$ का मान ज्ञात करो।

(iii) वृत के क्षेत्रफल में परिवर्तन की दर इसकी त्रिज्या r के सापेक्ष ज्ञात करो जबकि $r = 7cm$ है।

(iv) दशाईए की $F(x) = e^x, R$ में एक निरन्तर वर्धमान फलन है।

(v) $\int \frac{1-\sin x}{\cos^2 x} dx$ का मान ज्ञात करो।

(vi) $\int a^{3\log_a x} dx$ का मान ज्ञात करो।

(vii) $\frac{dy}{dx} = \frac{y}{x}$ का व्यापक हल ज्ञात करो।

(viii) सदिशों $\vec{a} = 2\hat{i} - \hat{j} + 2\hat{k}$ और $\vec{b} = -\hat{i} + \hat{j} - \hat{k}$ के योगफल के अनुदिश मात्रक सदिश ज्ञात करो।

(ix) यदि दो सदिश $\vec{a}$ और $\vec{b}$ इस प्रकार है कि $|\vec{a}| = 2, |\vec{b}| = 3$ और $\vec{a}.\vec{b} = 4$ तो $|\vec{a} - \vec{b}|$ ज्ञात करो।

(x) यदि $x\hat{i} + 2\hat{j} + (z-1)\hat{k}$ तथा $-2\hat{i} + (y+2)\hat{j} + \hat{k}$ समान सदिश है तो x, y, z के मान है।

खण्ड–ब

लघुतरात्मक प्रश्न

4. जांच कीजिए कि क्या समुच्चय $\{1,2,3,4,5,6\}$ में $R = \{(a,b) : b = a+1\}$ द्वारा परिभाषित संबंध R एक तुल्यता संबंध है।

5. X तथा Y ज्ञात कीजिए यदि $X + Y = \begin{bmatrix} 5 & 2 \\ 0 & 9 \end{bmatrix}$ तथा $X - Y = \begin{bmatrix} 3 & 6 \\ 0 & -1 \end{bmatrix}$ है।

6. यदि $A = \begin{bmatrix} 1 & 5 \\ 6 & 7 \end{bmatrix}$ हो तो सिद्ध करो $A - A^1$ एक विषम सममित आव्यूह है।

7. सारणिक की सहायता से बिन्दु $(3,1)$ और $(9,3)$ से जाने वाली रेखा का समीकरण ज्ञात करो।

8. F के असांतत्य के बिन्दुओं को ज्ञात कीजिए यदि $F(x) = \begin{cases} 2x+3 & \text{यदि } x \le 2 \\ 2x-3 & \text{यदि } x > 2 \end{cases}$ है।

9. यदि $y = A\sin x + B\cos x$ है तो सिद्ध करो कि $\frac{d^2y}{dx^2} + y = 0$ है।

10. $(\sin x)^x + \sin^{-1}\sqrt{x}$ का x के सापेक्ष अवकलन करो।

11. अंतराल ज्ञात करो जिनमें $F(x) = 4x^3 - 6x^2 - 72x + 30$ द्वारा प्रदत फलन F निरंतर वर्धमान तथा निरंतर ह्रासमान है।

12. $\int x\cos x \, dx$ ज्ञात करो।

13. दीर्घवृत $\frac{x^2}{16}+\frac{y^2}{9}=1$ से घिरे क्षेत्र का क्षेत्रफल ज्ञात करो।

14. अवकल समीकरण $e^x \tan y dx+\left(1-e^x\right)\sec^2 y dy=0$ का व्यापक हल ज्ञात करो।

15. 52 पतों की अच्छी तरह फेंटी गई गड्डी में से एक के बाद एक तीन पत्ते बिना प्रतिस्थापन किए निकाले जाते है पहले दो पतो का बादशाह और तीसरे का इक्का होने की प्रायकता ज्ञात करो।

खण्ड–स

दीर्घउत्तरीय प्रश्न

16. $\int_0^{\frac{\pi}{2}} \sqrt{\sin\phi}\cos^5\phi d\phi$ का मान ज्ञात करो।

अथवा

$\int_0^{\frac{\pi}{2}} \frac{\sin^{3/2} x\,dx}{\sin^{3/2} x+\cos^{3/2} x}$ का मान ज्ञात करो।

17. अवकल समीकरण $\frac{dy}{dx}+y\cot x=4x\,\text{cosec}\,x$ का विशिष्ट हल ज्ञात करो यदि $y=0$ तथा $x=\frac{\pi}{2}$ हो।

अथवा

अवकल समीकरण $\left(1+e^{x/y}\right)dx+e^{x/y}\left(1-\frac{x}{y}\right)dy=0$ का व्यापक हल ज्ञात करो।

18. दिए गए रेखा युग्म

$\vec{r}=3\hat{i}+2\hat{j}-4\hat{k}+\lambda\left(\hat{i}+2\hat{j}+2\hat{k}\right)$

$\vec{r}=5\hat{i}-2\hat{j}+\mu\left(3\hat{i}+2\hat{j}+6\hat{k}\right)$ के मध्य कोण ज्ञात करो।

अथवा

$A(1,2,3)B(4,5,7)C(-4,3,-6)$ और $D(2,9,2)$ चार बिन्दु हो तो AB और CD रेखाओं के बीच कोण ज्ञात करो।

19. दो थैले I और II दिए है, थेले I में 3 लाल और 4 काली गेंद है जबकि थैले II में 5 लाल ओर 6 काली गेंद है। किसी एक थैले में से यादृच्छया एक गेंद निकाली जाती है जो कि लाल रंग की है इस बात की क्या प्रायकता है कि यह गेंद थैले II से निकाली गई है।

अथवा

52 ताश की गड्डी से एक पता खो जाता है शेष पतो से दो पते निकाले जाते है जो ईंट के है खो गए पते के ईंट के होने की प्रायकता क्या है?

निबंधात्मक प्रश्न

20. $\int_0^{\pi} \log(1+\cos x)dx$ का मान ज्ञात करो।

अथवा

$\int \tan^{-1}\sqrt{\frac{1-x}{1+x}}$ का मान ज्ञात करो।

21. रेखाओं $\frac{x+1}{7}=\frac{y+1}{-6}=\frac{z+1}{1}$ तथा $\frac{x-3}{1}=\frac{y-5}{-2}=\frac{z-7}{1}$ के मध्य दूरी ज्ञात करो।

अथवा

एक रेखा एक घन के विकर्णों के साथ $\alpha,\beta,\gamma,\delta$ कोण बनाती है तो सिद्ध करो।

$\cos^2\alpha+\cos^2\beta+\cos^2\gamma+\cos^2\delta=\frac{4}{3}$

22. निम्न अवरोधों के अन्तर्गत $z=5x+3y$ का न्यूनतमीकरण कीजिए।

$3x+3y\le 15, 5x+2y\le 10, x\ge 0, y\ge 0$

अथवा

आलेखीय विधि को निम्न समस्या को हल कीजिए।

निम्न व्यवरोधों के अन्तर्गत

$x+3y\le 60$

$x+y\ge 10$

$x\le y$

$x\ge 0, y\ge 0$

$z=3x+9y$ का न्यूनतम और अधिकतम मान ज्ञात कीजिए।

शेखावाटी मिशन 100 की कक्षा 10 एवं 12 के विभिन्न विषयों की नवीनतम बुकलेट डाउनलोड करने हेतु टेलीग्राम **QR CODE** स्कैन करें